501. राजस्थान सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से किन वाटिकाओं का निर्माण कार्य 1 जुलाई से आरंभ किया था?

(a) वन गमन वाटिका (b) ट्राईबल वाटिका
(c) लव-कुश वाटिका (d) अशोक वाटिका

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आजमन को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए प्रत्येक जिले में लगभग 2–2 करोड़ रूपये की लागत से लव-कुश वाटिकाओं का निर्माण 1 जुलाई 2022 से आरंभ किया।

502. आमागढ़ लैपर्ड सफारी का आरम्भ किया गया है-

(a) अजमेर में (b) बूँदी में
(c) सवाई माधोपुर में (d) जयपुर में

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022
RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift - I

Ans. (d) : अरावली पर्वत से घिरी हुई एवं जयपुर शहर में 1524 हे. क्षेत्र में फैली हुई आमागढ़ तेंदुआ सफारी का उद्घाटन, अर्न्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (22 मई) के अवसर पर वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा किया गया।

503. NTCA द्वारा रामगढ़ बाघ अभयारण्य को राजस्थान राज्य के ______ टाईगर रिजर्व के रूप में घोषित किया गया है।

(a) तीसरे
(b) चौथे
(c) पाँचवे
(d) छठे

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022
Lab Assistant (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift - I
Agriculture - Supervisor 2021

Ans. (b) : 16 मई 2022 को रामगढ़ विषधारी बाघ अभ्यारण्य को राजस्थान राज्य का चौथा तथा भारत का 52वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया, जो राज्य के कोटा एवं बूंदी जिले में फैला हुआ है।
राज्य के तीन अन्य टाइगर रिजर्व-
(i) रणथम्भौर टाइगर रिजर्व
(ii) सरिस्का टाइगर रिजर्व
(iii) मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व

504. हाल ही में राजस्थान के किस वन्यजीव अभयारण्य को राज्य का चौथा बाघ संरक्षित क्षेत्र अनुमोदित किया गया है?

(a) टॉडगढ़-रावली (b) रामगढ़ विषधारी
(c) बस्सी (d) ताल छापर

Agriculture Superviser 2021

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

505. रामगढ़-विषधारी वन्यजीव अभयारण्य कौन-से जिले में स्थित है?

(a) उदयपुर (b) कोटा
(c) बूंदी (d) सिरोही

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018
(Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभ्यारण्य राजस्थान के बूँदी जिले में स्थित है जबकि रामगढ़ विषधारी बाघ अभ्यारण्य कोटा एवं बूँदी दोनों जिलों में फैला हुआ है।

506. वन विहार अभ्यारण्य है-

(a) भरतपुर (b) धौलपुर
(c) कोटा (d) सवाई माधोपुर

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022
संगणक भर्ती परीक्षक 2018(5 मई, 2018)

Ans. (b) : वन विहार अभ्यारण्य राजस्थान के धौलपुर जिले में स्थित है। यह धौलपुर शहर से 16 किमी दूर स्थित है। राजस्थान सरकार द्वारा 1955 ई. में इसे एक अभ्यारण्य बनाया गया। 25 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैले इस अभ्यारण्य में सांभर, चीतल, नीलगाय, जंगली सुअर, स्लोथ बीयर, लकड़बग्घे, तेंदुए पाये जाते हैं। यह अभ्यारण्य अपने ढोक और खैर के वृक्षों के लिए प्रसिद्ध है।

507. 'राष्ट्रीय मरु उद्यान' (राजस्थान) को किस नाम से भी जाना जाता है?

(a) टाइगर पार्क (b) जीवाश्म पार्क
(c) घास-क्षेत्र पार्क (d) वन्यजीव पार्क

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020

Ans. (b) राजस्थान में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान को जीवाश्म पार्क के नाम से भी जाना जाता है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा अभ्यारण्य है जो जैसलमेर और बाड़मेर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत 1980-81 में की गयी थी। इस अभ्यारण्य में करोड़ों वर्ष पुराने काष्ठवशेष, डायनोसोर के अण्डों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इन अवशेषों के सुरक्षित रखने के लिए अभ्यारण्य के भीतर आकल गांव में 'फॉसिल्स पार्क' स्थापित किया गया है।

508. आकल वुड फॉसिल पार्क स्थित है-

(a) जोधपुर में (b) बाड़मेर में
(c) जैसलमेर (d) बीकानेर में

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II
वनपाल भर्ती परीक्षा 2020, 06.11.2020 Shift - I
JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (c) : आकल वुड फॉसिल पार्क (जीवाश्म पार्क) राजस्थान के जैसलमेर में (आकल गांव में) राष्ट्रीय मरू उद्यान में स्थित है। यह पार्क 21 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहाँ लगभग 18 करोड़ वर्ष पुराने पेड़-पौधों के जीवाश्म पाये जाते हैं।

509. 'वुड फॉसिल्स पार्क' कहाँ पर स्थित है?

(a) राष्ट्रीय मरु उद्यान
(b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(c) मुकन्दरा नेशनल पार्क
(d) सरिस्का नेशनल पार्क

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

510. राजस्थान के किस जिले में 'राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान' स्थित है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।